# आदर्श आचरण संहिता का पालन करें अभ्यर्थी : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसम्बर।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत जिला पंचायत सदस्यों को निर्वाचन प्रतीक आवंटन के दौरान आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा एवं प्रेक्षक मदन सिंह ठाकुर द्वारा सभी अभ्यर्थियों से आदर्श आचरण संहिता का पालन करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि निर्विघ्न, शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अभ्यर्थी सहयोग प्रदान करें तथा शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन नियमों के तहत अपने-अपने क्षेत्रो में निर्वाचन लडे। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, कलेक्टर कार्यालय अधीक्षक दिलीप बंसल, इलेक्शन सुपरवाईजर इमरान खान तथा जिला पंचायत के वार्ड 01 से निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थी आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थी ऐसे सभी कार्यो से परहेज करे जो चुनाव के कानून के अंतर्गत निषेध है। ऐसे कोई

## मतदान शांतिपूर्वक तथा सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग करें-प्रेक्षक

पोस्टर, इश्तहार, पेम्पप्लेट न निकाले, जिसमें मुद्रक और प्रकाशन का नाम, पता न हों। उन्होने कहा कि मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अन्दर किसी प्रकार का चुनाव प्रचार या मत संयाचना नही करें। मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर लाने या ले जाने के लिए वाहनों का उपयोग नही करें। उन्होने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी अभ्यर्थी निर्वाचन क्षेत्र में अपना निर्वाचन लडें तथा प्रशासन को सहयोग करे।

इस अवसर पर प्रेक्षक मदन सिंह ठाकुर ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन राजनैतिक दलीय आधार पर नही होते है। अत: चुनाव की प्रचार सामग्री में किसी भी राजनैतिक दल, व्यक्ति का प्रतीक चिन्ह का उपयोग नही किया जायेंगा। मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए समय के साथ समाप्त होने वाले पिछले 48 घंटो की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभा नही की जायें। मतदान शांतिपूर्ण तथा सुचारू रूप से संपन्न कराने में अधिकारियों के साथ सहयोग प्रदान करें। उन्होने कहा कि सभी अभ्यर्थी निर्वाचन के तहत जारी दिशा-निर्देशों का पालन करे।

मतदाताओं को पहचान की पर्चिया सादे कागज पर दी जायें। पर्ची में मतदाता का नाम, पिता अथवा पति का नाम, वार्ड क्रमांक, मतदान केन्द्र क्रमांक तथा मतदाता सूची में उसका अनुक्रमांक के अलावा और कुछ नही लिखा जायें।

# रेडक्रॉस पदाधिकारियों का निर्वाचन, कार्यक्रम कल जारी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसम्बर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के पदाधिकारियों का निर्वाचन 20 दिसंबर को होगा, निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी बीएस श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की वार्षिक साधारण सभा की बैठक एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया गया है। वार्षिक साधारण सभा की बैठक के उपरांत जिला शाखा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होगी।

जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 20 दिसंबर को दोपहर 01 बजे से 1.30 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेगे, दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 1.45 बजे तक नामांकन फार्मो की संवीक्षा होगी, दोपहर 1.45 बजे से दोपहर 02 बजे तक समय नाम वापसी के लिए रहेगा। आवश्यक होने पर दोपहर 02 बजे से अपरान्ह 3.30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। अपरान्ह 3.30 बजे से सांय 4.15 बजे तक मतगणना कराई जायेगी, इसके उपरांत परिणामों की घोषणा तथा निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेगे।

## शस्त्र जमा करने की अंतिम तिथि कल

**श्योपुर, 18 दिसंबर।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 01 मानपुर क्षेत्र सहित श्योपुर विकासखण्ड में नागदा और विजयपुर विकासखण्ड में बैचाई पंचायत में सरपंच पद हेतु आगामी 29 दिसंबर को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेऊट अर्पित वर्मा द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के दौरान लोक शांति और व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित कराये जाने हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अस्त्र-शस्त्र एवं अन्य घातक हथियार लेकर चलने एवं उनके प्रदर्शन पर पूर्णत: रोक लगाई गई है तथा सभी लायसेंसधारियों के लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए लायसेंस पर अंकित सभी शस्त्र 20 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से संबंधित थानों एवं जिले के वैध आर्म्स डीलर के पास जमा कराने तथा पावती की फोटोप्रति संबंधित थाना प्रभारी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रतिबंधात्मक आदेश माननीय न्यायाधिपतिगण, न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, शासकीय अभिभाषक, सुरक्षा एवं चुनाव व्यवस्था आदि में कर्तव्य पालन के समय लगाये गये मजिस्ट्रेट, अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों एवं अर्द्ध सैनिक बलों, विशिष्ट व्यक्तियों, एवं परम्परा के अन्तर्गत अस्त्र-शस्त्र धारित किये जाने वाले व्यक्तियों पर प्रभावशील नहीं होगा।

# पीएम पोषण आहार योजना को लेकर सीईओ सख्त




**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में पीएम पोषण आहार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सौम्या आनंद ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में योजना की गुणवत्ता, नियमित निगरानी एवं पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम गगन सिंह मीणा, महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब, सहायक संचालक रिशु सुमन, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर, कराहल राकेश शर्मा, विजयपुर आफिसर सिंह गुर्जर, परियोजना अधिकारी डॉ अजय उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने निर्देशित किया कि बीआरसीसी एवं बीएसी द्वारा विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित एमडीएम की नियमित जांच की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय एवं आंगनवाड़ी का मध्याह्न भोजन संबंधित गांव में ही तैयार किया जाए, जिससे भोजन की गुणवत्ता बनी रहे।

उन्होंने बिना पंजीयन वाले स्व-सहायता समूहों को योजना से हटाने के निर्देश दिए तथा सीडीपीओ को नियमित भ्रमण कर व्यवस्था की सतत निगरानी करने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त विजयपुर विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में आधार पंजीयन एवं संशोधन शिविर आयोजित कराने के भी निर्देश दिए गए, ताकि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीएम पोषण आहार योजना बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

## रस्साकसी, गोला फेक, कबड्डी एवं दौड़ का हुआ आयोजन






**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसम्बर।** यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से हर गांव और शहर में छिपी प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आज श्योपुर में विकास खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कबड्डी, रस्साकसी, गोला फेक, 100 मीटर दौड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कॉलेज ग्राउंड में आयोजित सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत प्रतियोगिताओ का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, बीईओ श्रीमती मधु शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, मंडल अध्यक्ष पाण्डोला रघुनंदन शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, सौरभ भार्गव, महावीर जाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

विकासखण्ड स्तरीय खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में श्योपुर मंडल की टीम ने प्रथम तथा बडौदा मंडल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, रस्साकसी बालक वर्ग में बडौदा मंडल की टीम विजेता रही, जबकि श्योपुर मंडल की टीम उप विजेता बनी। रस्साकसी बालिका वर्ग में प्रेमसर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा श्योपुर मंडल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर आयोजित 100 मीटर दौड प्रतियोगिता में विवेक वैष्णव श्योपुर मंडल विजेता रहे, गोला फेक में श्योपुर मंडल के अंकित रजक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विकासखण्ड स्तरीय प्रति-योगिताओं में विजेता खिलाडी जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 22 दिसंबर को क्रीडा परिसर ढेगदा में आयोजित होगी। कार्यक्रम का संचालन अजय त्रिवेदी जिला क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के संचालन में देवेन्द्र सिकरवार, आशीष दुबे, शिवकुमार सिंह तोमर, बिन्दु शर्मा, डेलन सिंह तुमराची, वीरेन्द्र सिंह सोंलकी, भूपेन्द्र परिहार, श्रवण कुमार सुमन, लोकेश राय, उदय राजावत, नमन गुप्ता, गौरव राजपूत आदि का सहयोग रहा।

# झंक्यापुर में संपत्ति के मूल्यांकन एवं मुआवजा निर्धारण के लिए समिति गठित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा ग्राम झंक्यापुर में अधिकारों के विनिश्चयन, संपत्ति के मूल्यांकन तथा मुआवजा निर्धारण संबंधी कार्यवाही के लिए समिति का गठन किया गया है।

जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर अध्यक्ष रहेंगे तथा खण्ड स्तरीय समिति के लिए संबंधित एसडीएम को अध्यक्ष बनाया गया है। ग्राम उमरी खुर्द (झंक्यापुर) कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वन परिक्षेत्र धोरेट की सब रेंज झंक्यापुर की बीट में स्थित है। इस ग्राम का अधिवासित रकबा वर्ष 1962 में जारी अधिसूचना के माध्यम से राजस्व विभाग को हस्तातंरित किया गया था। राजस्व विभाग द्वारा ग्रामीणों को भूमि पट्टे प्रदाय किये गये थे, चूकि कृषक इस क्षेत्र से पलायन कर चुके है। अत: इस क्षेत्र से अधिकारों के विनिश्चयन, संपत्ति के मूल्यांकन तथा मुआवजा निर्धारण संबंधी कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2021 में जारी दिशा निर्देशो के अनुरूप जिला स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय समितियां गठित की गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति में वन मंडलाधिकारी कूनो वन मंडल सदस्य, सचिव रहेंगे। इसके साथ ही डीएफओ सामान्य, सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन संभाग सबलगढ, महाप्रबंधक विधुत वितरण कंपनी, सीएमएचओ, महिला बाल विकास अधिकारी, एसडीएम विजयपुर, उप संचालक कृषि, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला पंजीयक सदस्य होंगे।

जिला स्तरीय समिति द्वारा खण्ड स्तरीय समिति से प्राप्त सभी प्रतिवेदनों एवं मूल्याकंन रिपोर्ट की प्राप्ति कर विस्तृत समीक्षा की जायेगी तथा प्रावधानों के तहत अंतिम रूप से केन्द्र एवं राज्य शासन की पुर्नवास तथा मुआवजा नीति के आधार पर मुआवजा राशि का अंतिम निर्धारण कर अनुमोदन के लिए कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगी।

इसी प्रकार एसडीएम विजयपुर की अध्यक्षता में गठित खण्ड स्तरीय समिति में एसडीओ कूनो विजयपुर सदस्य-सचिव रहेगे। एसडीओ सामान्य वन मंडल, सीईओ जनपद विजयपुर, सहायक यंत्री पीडब्ल्यूडी विजयपुर, लोक निर्माण विभाग विजयपुर, एसडीओ एरिकेशन सबलगढ, उप महाप्रबंधक विधुत वितरण कंपनी दक्षिण, बीएमओ विजयपुर, सीडीपीओ विजयपुर, सहायक संचालक कृषि विजयपुर, बीईओ विजयपुर एवं उप पंजीयक विजयपुर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति मैदानी स्तर पर जांच, पट्टो का भौतिक सत्यापन और संपत्ति मूल्यांकन का कार्य कर विस्तृत प्रतिवेदन जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत करेंगी।

# 30 लीटर हाथ भट्टी अवैध मदिरा जब्त



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा में मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरबार के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार ने बताया कि आबकारी वृत्त श्योपुर के ग्राम तिल्लीडेरा, ढोढर और ज्वाड के टपरे में दबिश दी गई। आबकारी बल द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किये गये, लगभग 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 3000 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया, जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 306000 रुपये पाई गई। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, विकास श्रीवास्तव एवं अन्य आबकारी बल उपस्थित रहा।

# अजापुरा व गोरस में 'वॉश ऑन व्हील्स' सुविधा

## स्वच्छता परिसरों की आधुनिक सफाई स्वच्छता साथियों को मिला प्रशिक्षण एवं रोजगार



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वॉश ऑन व्हील मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत अजापुरा एवं गोरस ग्राम पंचायतों में स्वच्छता परिसरों की आधुनिक तरीके से सफाई कराई गई।

अजापुरा ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक जितेन्द्र धाकड के सहयोग से स्वच्छता साथी सुनील वाल्मीक द्वारा तथा गोरस ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक ठाकुरदास मारू के सहयोग से स्वच्छता साथी आकाश वाल्मीक द्वारा आधुनिक प्रेशर मशीन का उपयोग कर स्वच्छता परिसरों की गहन सफाई की गई। वॉश ऑन व्हील पहल के अंतर्गत स्वच्छता साथियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से पूर्ण प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे वे तकनीक के माध्यम से कार्य कर आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण एवं कार्य के परिणामस्वरूप दोनों स्वच्छता साथियों द्वारा प्रतिदिन 400-400 रूपये की आमदनी अर्जित की गई। यह नवाचार ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्वच्छता साथियों के कौशल विकास, सम्मानजनक रोजगार एवं आय सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।

# जिला पंचायत सदस्य के 03 नामाकंन वापस, 16 अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

## सरपंच पदो के लिए भी अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीको का आवंटन

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसंबर।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए भरे गये नाम निर्देशन पत्रो में नाम वापसी के अंतिम दिन तक 03 अभ्यर्थियों सुमेर सिंह जादौन, भारत सिंह एवं प्रीतम उर्फ रामदिता द्वारा अपने नामाकंन वापस लिये जाने के बाद शेष 16 अभ्यर्थियों को कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफीसर अर्पित वर्मा द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये है। जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 में सदस्य पद हेतु कुल 20 नाम निर्देशन पत्र भरे गये थे। जिनमें से जांच उपरांत 19 अभ्यर्थियों के नामाकंन पत्र विधिमान्य पाये गये थे। 03 अभ्यर्थियों द्वारा अपनी अभ्यर्थिता से नाम वापस लिये जाने के बाद शेष 16 अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीक आवंटित किये गये है।

अभ्यर्थी सर्व ब्रजमोहन राजपूत को तीन कमान, धारा सिंह गोवरिया को दो पत्तियां, हनुमान योगी को उगता सूरज, हरिमोहन बौद्ध (बैरवा) को पतंग, जगदीश को छाता, जसवंत सिंह मेवाडा को गाडी, जितेन्द्र गोयल उर्फ पिंटू को लालटेन, कमलेश कंवर-महेश सिंह जादौन को फावडा और बेलचा, मधु उपाध्याय को बिजली की बल्ब, महेश आदिवासी को सिलाई की मशीन, मुरारी देसाई को हाथ चक्की, नरेश मीना टोगनी को टेबल पंखा, पवन सिंह राजावत को स्लेट, रतन गुर्जर-पहलवान को रेडियो, सोनू सिंह राठौड को हारमोनियम तथा विष्णु जाटव को दो तलवार और एक ढाल चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये है।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नागदा एवं विजयपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बैचाई में सरपंच के रिक्त पद हेतु भी निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। नागदा पंचायत में कुल 03 एवं विजयपुर में कुल 06 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र भरे गये थे, संवीक्षा में सभी नामांकन विधिमान्य पाये गये। नाम वापसी की अंतिम तिथि तक बैचाई पंचायत में सरपंच पद हेतु भरे गये नामांकनो में से तीन अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र वापस लिये गये, शेष सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये है। ग्राम पंचायत नागदा में सरपंच पद के निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी श्रीमती गुड्डी आदिवासी को चश्मा, श्रीमती सुन्दर आदिवासी को कांच का गिलास तथा श्रीमती सुवेदा आदिवासी को फ्लो सहित नारियल का पेड चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बैचाई में सरपंच पद के निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी बालू आदिवासी को चश्मा, भूरेलाल आदिवासी को कांच का गिलास तथा सुरेन्द्र आदिवासी को फ्लो सहित नारियल का पेड चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।




# अल्फा स्कूल में कॉलेज चलो अभियान का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर द्वारा अल्फा स्कूल में कॉलेज चलो अभियान आयोजित किया गया।

कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कॉलेज की टीम ने अल्फा हाईस्कूल श्योपुर में भ्रमण कर कॉलेज में चल रहे कोर्सेज के बारे में जानकारी दी, इसी क्रम में डॉ.करण सिंह सैनी ने कॉलेज में चल रही छात्रवृत्तियों एवं राष्ट्रीय योजनाओं के बारे में बताया। डॉ. लोकेंद्र सिंह जाट ने नई एजुकेशन नीति 2020 के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। इसी क्रम में अजीत सिंह ने करियर काउंसलिंग के बारे में बताया गया।

# पेंशन फोरम की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला पेंशन फोरम की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बैठक में प्राप्त सुझावों के आधार पर निर्देश दिये कि जिला अस्पताल में पेंशनरों के लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। इसके साथ ही पेंशन प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में कोषालय अधिकारी अजय कुमार पाण्डोरिया, सहायक पेंशन अधिकारी गिर्राज शर्मा, राहुल शर्मा, पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांत अध्यक्ष डीएस तोमर, संभागीय अध्यक्ष सुरेन्द्र त्रिवेदी, महासचिव रामप्रसाद शर्मा, जिला अध्यक्ष आरके दीक्षित, जिला महामंत्री एसके शर्मा, शाखा प्रबंधक एसबीआई शिवपुरी रोड राजीव वर्मा आदि उपस्थित रहें।

## धुत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक कल

**श्योपुर, 18 दिसंबर।** उपभोक्ताओं के बिल एवं विधुत संबंधित शिकायतों की सुनवाई हेतु वृत्त स्तर पर गठित ईसीजीआरएफफोरम को प्रभावी बनाने के लिए 20 दिसंबर को बैठक आयोजित की गई है। उप महाप्रबंधक एवं फोरम के अध्यक्ष प्रतीक टुण्डेलकर ने बताया कि उक्त बैठक वृत्त कार्यालय श्योपुर में 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है।

## भिंड में 24 को लगेगा युवा संगम रोजगार मेला, कंपनियां करेंगी नि : शुल्क भर्ती

**भिंड।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन भिंड के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय भिंड, आईटीआई भिंड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भिंड के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम रोजगार मेला, अप्रेंटिस मेला एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 24 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को प्रात: 11 बजे से सायं 4:00 बजे तक शासकीय एम.जे.एस. महाविद्यालय, भिंड परिसर में आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां एवं संस्थान भाग लेकर शिक्षित युवाओं की नि:शुल्क भर्ती करेंगी। मेले में शामिल प्रमुख कंपनियों में—पुखराज हेल्थकेयर (ग्वालियर), शिवशक्ति (गुजरात), एलआईसी (भिंड), एसआईएस सिक्योरिटी (नीमच), नोकरीफाई डॉट कॉम (भिंड), सावरिया बायो फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स, क्विक आईटी सॉल्यूशन एंड कंसल्टेंसी (ग्वालियर), गोतम सोलर (भिवानी, हरियाणा), एक्सिस बैंक (गुरुग्राम), जमुना ऑटो पार्ट्स (मालनपुर), चेकमेट सिक्योरिटी, भारत पे मर्चेंट (चंबल संभाग, भिंड), रविया वर्क फोर्स प्रा. लि. (लखनऊ), कौशल विकास केंद्र (ग्वालियर), एयू स्मॉल बैंक (इंदौर), आमधनी प्रा. लि. (गुजरात), अपोलो टायर्स, एमआरएफ टायर्स, बजाज ऑटो पार्ट्स, प्रमोकाश आउटसोर्सिंग सर्विस प्रा. लि. प्रमुख रूप से शामिल हैं। रोजगार मेले में भाग लेने वाले आवेदकों को 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की मूल अंकसूचियां, अपने सभी मूल प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट साइज के तीन फोटो अनिवार्य रूप से साथ लाने होंगे। प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने वाले युवाओं को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा, यह जानकारी जिला रोजगार कार्यालय द्वारा दी गई है।



# रानीपुरा माफी मे हुआ बोरी बंधान

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम रानीपुरा माफी में जल संचय हेतु बोरी बंधान किया गया।

जन अभियान परिषद द्वारा जल संचय अभियान के अन्तर्गत कराहल व्लॉक के ग्राम पंचायत रानीपुरा मुख्यालय पर कैमारा नाले पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समीति रानीपुरा एवं नवांकुर संस्था सरस्वती महिला मंडल एवं शिक्षा प्रचार समीति के संयुक्त तत्वावधान में बोरी बंधान कार्य श्रमदान कर किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं व्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समीति रानीपुरा समीति के सचिव कमल गुर्जर नवांकुर संस्था सरस्वती महिला मंडल एवं शिक्षा प्रचार समीति के दीपक गुप्ता तथा मेंटर वीरेन्द्र पाराशर एवं सीएमसी एलडीपी के छात्र अमित शर्मा और गांव के समाजसेवी उपस्थित रहें।